संक्षिप्त

शिविर में 1850 लोगों की जांच

उदयपुर । नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन उदयपुर और सेवा भारती चिकित्सालय के संयुक्त तथावधान में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती के उपलक्ष में निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष डॉ राहुल जैन ने बताया कि शिविर के दौरान 1850 रोगियों की जाँच कर निशुल्क दवा वितरित की गई। शिविर के संयोजक सीएमएचओ डॉक्टर अशोक आदित्य व डॉक्टर नरेंद्र देवल ने बताया कि इस दौरान विभिन्न बीमारियों की निःशुल्क जांच की गई और आवश्यकतानुसार दवाएं वितरित की गई।

बाला पानेरी को पीएचडी

उदयपुर । जनार्दन राय नागर विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की शोधार्थी बाला पानेरी को विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, समाजिक अन्तः क्रिया और व्यावसायिक परामर्श के बीच संबंधो का अध्ययन विषय पर शोध कार्य करने के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। पानेरी ने शोध कार्य डॉ. हेमलता जैन के निर्देशन में पूर्ण किया। यूडीए में पहली बार नए एडिशनल एसपी होंगे रोशनलाल पटेल

सेमिनार आज

उदयपुर । उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री द्वारा सोमवार अपरान्ह 4 बजे यूसीसीआई भवन के पी.पी. सिंघल ऑडिटोरियम में अमूल के प्रबन्ध निदेशक के साथ एक परिचर्चात्मक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। सेमिनार में देश के प्रतिष्ठित ब्रांड अमूल की सफलता की यात्रा के बारे में अमूल के एम.डी. अमित व्यास अपने अनुभव साझा करेंगे। अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया ने उदयपुर सम्भाग के उद्यमियोंए व्यवसायियों एवं स्टार्ट.अप उद्यम के प्रतिनिधियों से इस निःशुल्क कार्यक्रम भाग लेकर लाभान्वित होने की अपील की है।

इमली वाले बाबा का उर्स शुरू

उदयपुर, । गुलाब बाग स्थित दरगाह हजरत शाह सय्य्द अब्दुल शकूर साबिर अली चिश्ती रअ. (इमली वाले बाबा) का सालाना चार दिवसीय उर्स रविवार को परचम कुशाई के साथ शुरू हुआ। दरगाह इंतेजामिया कमेटी के प्रवक्ता मो. रफीक शाह ने बताया कि रविवार को बाद नमाज जौहर के जामिया मिलिया इस्लामिया अलीपुरा,उदयपुर के तालिब इल्मो द्वारा कुरान ख्वानि की गई। बाद नमाजे अस्त्र जायरीनो के साथ मलंग और दर्वेश हजरात की मौजूदगी रही परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। अकीदतमंदो ने आस्ताने पर चादर, फूल, इत्र पेश किए। मगरीब की नमाज के बाद महफिले मिलाद हुई।

न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर लेकसिटी में तैयारियां जोरो पर

■ बडी होटलों में हो चुकी 50 प्रतिशत से अधिक बुकिंग

उदयपुर, (का.सं.)। उदयपुर में न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर नवंबर में बडी होटल्स में 50 प्रतिशत से ज्यादा बुकिंग हो चुकी है। करीब डेढ महीने पहले ही लग्जरी रिसॉर्ट और फाइव.थ्री स्टार होटल्स में दिसंबर के लास्ट वीक के लिए बुकिंग हो रही है। इसके चलते न्यू ईयर वीकेंड (29दिसंबर से 1 जनवरी) के लिए बडे होटल्स रिसॉर्ट में एक रूम का किराया 3 से 4 गुना तक बढ गया है। हालांकि इसमें गाला डिनर भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार टूरिस्ट इस बार जल्दी बुकिंग्स जल्दी करवा रहे हैं। इस बार पिछले साल के मुकाबले 15 फीसदी तक पैकेज और होटल्स की रेट बढी है।सामान्य दिनों में इन्हीं होटल्स में रूम का किराया 5 से 10 हजार रुपए तक रहता है जो न्यू ईयर पर 25 से 40 हजार रुपए तक पहुंच गया है। जबकि 5 स्टार होटल्स में यह किराया 60 हजार से एक लाख रूपए तक है। होटल्स व्यवसायियों का दावा हैं दिसम्बर में गोवा के बाद उदयपुर में ही सबसे ज्यादा पर्यटक पहुंचते हैं। उदयपुर में 900 से ज्यादा होटल्स रिसोर्ट है जबकि 550 से ज्यादा होम स्टे,गेस्ट हाउस और विला है।इस बार लोग अपने फैमिली और फ्रेंड्स ग्रुप्स के साथ बडे विला को भी खूब पसंद कर रहे हैं। इन दिनों में झील के किनारे वाले होटल्स की बुकिंग सबसे ज्यादा होती है। जहां रूटीन डेज के मुकाबले 8 से 10 गुना तक महंगे रूम बुक हो जाते हैं। सभी तरह की होटल्स की रेट अलग.अलग हैं। प्रमुख रिसॉर्ट,हेरिटेज और लेक साइड होटल 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक के लिए आधे से ज्यादा बुक हो चुके हैं। वे होटल जो फिलहाल खाली हैं, वहाँ भी 20 से 40 हजार रुपए तक की बुकिंग मिल रही है। आपको बतादें कि न्यू ईयर पर लेकसिटी में 300 से ज्यादा इवेंट होने हैं। इसको लेकर सभी होटल्स में तैयारियां की गई है। विदेशियों के लिए मेवाडी परंपराओं का भी थीम शामिल किया गया है ताकि वे यहां से कुछ नया फील कर पाए।

जरुरतमंदों के लिए एकत्रित किये ऊनी वस्त्र

उदयपुर, । लायंस क्लब अशोका द्वारा समाजसेवा गतिविधियों की श्रृंखला आओ खुशियाँ बाँटें के अंतर्गत रविवार को आयोजित ऊनी वस्त्र संग्रह शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद परिवारों तक गर्म कपडे पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में शहरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहयोग किया। क्लब के चार्टर अध्यक्ष लायन मुकेश माधवानी ने बताया कि शिविर में प्राप्त ऊनी वस्त्र एवं अन्य उपयोगी कपडे आगामी दिनों में गरीब,असहाय और जरूरतमंद परिवारों तक पहुँचाए जाएंगे। उन्होंने शहरवासियों द्वारा मिली गर्मजोशी और सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

मेड़तवाल वैश्य समाज के चुनाव सम्पन्न

रामगंजमंडी,(निसं)। मेड़तवाल वैश्य समाज रामगंजमंडी के अध्यक्ष पद पर रविवार को सम्पन्न हुए चुनाव में राजेन्द्र कुमार बोबस अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव अधिकारी चन्दन गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि कुल 207 में से 206 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें से राजेन्द्र कुमार बोबस को 118 मत व उनके प्रतिद्वंद्वी मुकेश कुमार गांधी को 81 मत प्राप्त हुऐं, जबकि 7 मत निरस्त किए गए। इस प्रकार राजेन्द्र कुमार बोबस को 37 मतों से निर्वाचित घोषित किया गया। मतदान को लेकर समाजबंधुओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हुआ। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की गई। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर रामेश्वर गुप्ता रटलाई वाले, सचिव पद पर गोकुल प्रसाद गुप्ता (रामसुख रामकरण), उपाध्यक्ष के पांच पदों के लिए मनोज मोड़ीवाल, जितेन्द्र गुप्ता (जे.पी.प्रिंटर्स), बृजमोहन टांक (चेचट वाले), राधेश्याम गुप्ता (नेताजी), बंशीलाल गुप्ता (सोहनखेड़ा वाले), सहसचिव के पांच पदों के लिए योगेश दलाल, दिनेश गुप्ता घाटिया (सोहनखेड़ा वाले), जगदीश प्रसाद गुप्ता चौधरी, विष्णु प्रसाद गुप्ता (बड़य वाले) व रामबाबू गुप्ता (ट्रांसपोर्ट) निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुके हैं। इसी प्रकार अंकित बोबस, अभिनव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता (आर.बी.), बृजेश कुमार आचोलिया, भगवती प्रसाद गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता (धुंआखेड़ी वाले), दिनेश कुमार गुप्ता बोकड़ा, दिलीप कुमार गुप्ता (खाद वाले), लालचन्द गुप्ता गांधी (हिरियाखेड़ी वाले), मनोज गुप्ता शुक्रवारिया, मनोज जुलानिया, निर्मल कुमार गुप्ता (कनवाड़ी वाले), निर्मल गुप्ता आचोलिया, पुरूषोत्तम गुप्ता (दांतियाखेड़ी वाले), प्रदीप कुमार गुप्ता (के.टी.),राजेन्द्र कुमार आचोलिया (कनवाड़ा वाले), राहुल गुप्ता (संधारा वाले), रामकल्याण गुप्ता बोबस, सचिन गुप्ता, संजय दलाल, विनीत गुप्ता (हिरियाखेड़ी वाले) को निर्विरोध कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित घोषित किया जा चुका है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों को निर्वाचन प्रमाण पत्र संरक्षक मदनलाल (धुंआखेड़ी वाले), वरिष्ठ समाजबंधु कन्हैयालाल(इन्दौर नमकीन), रामदयाल (कनवाड़ी वाले), कैलाशचंद (सामिया वाले) व चुनाव अधिकारी चन्दन गुप्ता एडवोकेट द्वारा प्रदान किये गये।

बच्चों के लिए सकारात्मक संवाद

कोटा, (निसं)। टाईप वन डायबिटीज से जूझ रहे बच्चों के लिए प्रेरणादायक, शैक्षणिक और स्वास्थ्यवर्धक आयोजन दोस्त कॉन 4 व डायबिटीज एक्सपो 2025 रामचंदानी डायबिटीज केयर एंड रिसर्च सेंटर, कोटा द्वारा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सहयोग से श्री उम्मेद क्लब मेंआयोजित किया गया। आयोजन प्रमुख डॉ.जी.डी. रामचंदानी ने बताया कि इस आयोजन में रामचंदानी डायबिटीज केयर एंड रिसर्च सेंटर, सरोया आई हॉस्पिटल, श्री उम्मेद क्लब, सिंधु सोशल सर्किल, सिन्धु महिला सर्किल, दोस्त डायबिटिक चाईल्ड केयर सोसाइटी, लाइफ फॉर ए चाईल्ड ऑस्ट्रेलिया, डायरेक्ट रिलीफ अमेरिका का सहयोग व समर्थन रहा। सर्किल संयोजक प्रकाश वीर नाथानी एवं सर्किल अध्यक्ष विमल परियानी ने बताया इस आयोजन में टाईप वन डायबिटीज वाले बच्चों के लिए कई निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गई। बच्चों और अभिभावकों के लिए शैक्षणिक सत्र, योग एवं फिटनेस सत्र, हेल्दी लाइफस्टाईल टिप्स, आंखों की जांच, पोषण परामर्श, बच्चों के लिए मनोरंजक और प्रतियोगी गतिविधियाँ, प्रश्नोत्तरी, आयोजित की गई। कार्यक्रम मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान जिन्हें यह पेशा देता है, उन्हें कोमल संवेदना भी देता है। दोस्त कॉन टाईप वन डायबिटीज से पीड़ित पीड़ितों को नई रोशनी और नई ऊर्जा देने का जो कार्य कर रहा है यह सेवा का सेवा एवं समर्पण का बेहतरीन कार्य हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ.के.के. पारीक, आरएसए डीआई के संस्थापक अध्यक्ष ने कहा कि खूब चलें, जितना चलेंगे उतना जिएंगे, टाईप 1 डायबिटीज कोई बीमारी नहीं जीवन में एक चैलेंज हैं। डॉ.एस.के.गोयल ने कहा आहार का संतुलन आवश्यक है और जितना वर्कआउट करेंगे उतना बेहतर जीवन होगा। प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना एवं फैट्स एवं कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम करना आवश्यक हैं। डॉ.गिरीश माथुर पूर्व अध्यक्ष, आरएसएसडीआई ने कहा कि यह बीमारी चुनौती हो सकती है लेकिन दिशा नहीं बदल सकती।

विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

■ मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षणः अधिकारियों ने बढाई फील्ड मॉनिटरिंग, ऑनलाइन परिगणना पर जोर

उदयपुर, । उदयपुर जिले में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत परिगणना प्रपत्र वितरण और संग्रहण कार्य को लेकर जिलेभर में समीक्षा, निरीक्षण और जागरुकता गतिविधियां जारी हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी नमित मेहता ने सभी अधिकारियों, कार्मिकों और मतदाताओं को अधिकतम संख्या में ऑनलाइन परिगणना प्रपत्र भरने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया है।

एडीएम सिटी एवं ईआरओ उदयपुर जितेन्द्र ओझा ने अपने परिवार के परिगणना फॉर्म ऑनलाइन सबमिट किए और सभी जागरूक मतदाताओं से भी 5 मिनट का समय निकालकर अपना परिगणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने की अपील की है।

एसआईआर के अन्तर्गत गणना प्रपत्र ऑनलाइन जमा करवाना बहुत आसान है। यह प्रक्रिया चार-पांच मिनट में पूरी की जा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए आवश्यक दस्तावेज इस प्रकार हैं- वर्तमान ईपीआईसी नंबर यानी 2025 का वोटर कार्ड नंबर, ई-साइन प्रमाणीकरण के लिए आधार नंबर और ओटीपी सत्यापन के लिए आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर। फोन से क्लिक की हुई 2 एमबी से कम साइज की हाल की फोटो और लास्ट एसआईआर 2002 की वोटर कार्ड डिटेल्स जैसे स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी के पिछले एसआईआर 2002 की सूची के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र नाम, भाग संख्या और ऋम संख्या की जानकारी भरनी है। लास्ट एसआईआर में अपने नाम को पोर्टल पर सर्च योअर नेम इन लास्ट एसआईआर से 2002 की पीडीएफ डाउनलोड करके प्राप्त कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने केवल अंतिम रैंक वाले बीएलओ का ही निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि मावली और गोगुन्दा को छोड़ अन्य क्षेत्रों में डिजिटाईजेशन की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। सभी ईआरओ, तहसीलदार और नायब तहसीलदार गणना प्रपत्र और डिजिटाइजेशन में कमजोर बीएलओ का फील्ड विजिट कर रिपोर्ट साझा करें।

जिले में शनिवार और रविवार को अवकाश के दिन भी बीएलओ मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य मे जुटे रहे। वहीं, अधिकारियों ने फील्ड मॉनिटरिंग और बैठक लेकर एसाईआर अभियान को गति दी।

नए एएसपी होंगे मुकेश कुमार सोनी

उदयपुर । गृह विभाग ने शनिवार को देर रात राजस्थान पुलिस सेवा के एडिशनल एसपी स्तर के 142 अधिकारियों के ट्रांसफर किए हैं। इसमें उदयपुर के लिए सबसे अहम बात ये है कि उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) में पहली बार एडिशनल एसपी लगाया है। भीलवाडा में सहाडा एएसपी रोशनलाल पटेल को यूडीए उदयपुर में पहली बार एडिशनल एसपी लगाया है। आदेश के तहत एचसीएमयू अजमेर के एएसपी मुकेश कुमार सोनी को एसओजी एएसपी उदयपुर लगाया है। जबकिए एसओजी एएसपी पद पर कार्यरत स्वाति शर्मा को अभय कमांड एंड कंट्रोल सेंटर उदयपुर में भेज दिया गया है। पुलिस परामर्श एवं सहायता केन्द्र उदयपुर से एएसपी माधुरी वर्मा का ट्रांसफर महिला अपराध अनुसंधान सेल उदयपुर में किया गया है।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांकः F.11 ( )Region-I/2025/1298 Date : 14/11/25

आम सूचना

राजस्व ग्राम देवाली (शोभागपुरा) के खसरा नम्बर 1454, 1467, 1474 से 1535, 1537 से 1541, 1543 से 1564, 1568 से 1607, 1612 से 1626, 1667, 1677, 1678, 1681 से 1694 एवं न्यास भूमि के आराजी संख्या 1492, 1493, 1522, 1529, 1530, 1546, 1570, 1573, 1605, 1667, 1681, 1689, 1690, 1691 के अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 363 क्षेत्रफल 1254'-00" वर्गफीट के नियमन हेतु श्रीमती खदीजा बाई पत्नी श्री असगर मोहम्मद निवासी- दुर्गा कॉलोनी, निमचखेडा, उदयपुर (राज.) द्वारा आवेदन पत्र के साथ 90-क आदेश, अपंजीकृत विक्रय ईकरार, क्षतिपूर्ति बंध-पत्र, शपथ-पत्र आदि प्रस्तुत कर आवंटन/पट्टा चाहा गया हैं। प्राप्त मौका रिपोर्ट के अनुसार आवेदित भूखण्ड पर भवन निर्मित हैं। आवेदक को उक्त भूखण्ड अपूर्वा पुत्री शंकरलाल मीणा से श्रीमती खदीजा बाई पत्नी श्री असगर मोहम्मद को अपंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 17.11.2012 से प्राप्त हुआ हैं।

अतः उक्त अनुमोदित प्लान मे स्थित भूखण्ड संख्या 363 क्षेत्रफल 1254'-00" वर्गफीट का पट्टा श्रीमती खदीजा बाई पत्नी श्री असगर मोहम्मद निवासीकृ दुर्गा कॉलोनी, निमचखेडा, उदयपुर (राज.) के नाम करने के संबंध मे किसी को कोई आपत्ति / ऐतराज हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस मे प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद गुजरने नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी ।

(जगदीश सिंह आशिया) उपायुक्त
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

छात्रों ने प्रस्तुतियों से किया मोहित

उदयपुर । रविवार को टाउन हॉल में आयोजित द विट सेकेंडरी स्कूल रामपुरा के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों से मोहित कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ लेफ्टिनेंट जनरल एन. के. सिंह, सी आई हिमांशु सिंह राजावत तथा स्कूल के डायरेक्टर प्रहलाद सिंह राव द्वारा गणेश वंदना व सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस समारोह में छात्र.छात्राओं ने हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति से संबंधित मनमोहन नृत्य, मार्शल आर्ट तथा नाटक की प्रस्तुती दी। समारोह में पधारे भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड द्वारा छात्र-छात्रों की प्रस्तुतियो की सराहना की गई व अपनी सभ्यता और संस्कृति को बनाए रखने की प्रेरणा दी । विद्यालय के उपप्रधानाध्यापक द्वारा समारोह में आए हुए अतिथियो, उदयपुर जिले के महामंत्री प्रमोद सामर व अभिभावकों का स्वागत किया गया तथा प्रधानाध्यापिका द्वारा विद्यार्थियों की वार्षिक प्रतिवेदन के बारे में बताया गया व समारोह में आए हु अतिथियो व अभिभावकों का धन्यवाद दिया गया।

क्रोशिया आर्ट सीख कर 8 से 10 हजार रुपए महीना कमा रही आदिवासी महिलाएं

■ इससे बडा बदलाव ये हुआ कि वे इस हुनर से आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवार की आजीविका चला रही हैं

उदयपुर । उदयपुर की आदिवासी महिलाओं ने क्रोशिया आर्ट से बच्चों के लिए एस्ट्रोनॉट, टेडी बियर, डायनासोर, डॉल्स सहित कई तरह के सुंदर खिलौने तैयार किए हैं। इन खिलौनों की डिमांड आज देशभर ही नहीं, विदेशों तक भी है। उदयपुर के आदिवासी गांवों की करीब 500 से ज्यादा महिलाएं इस काम को कर रही हैं। इससे बडा बदलाव ये हुआ कि वे इस हुनर से आत्मनिर्भर बन रही हैं और अपने परिवार की आजीविका चला रही हैं। उन्हें प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने और उनके बनाए उत्पादों के लिए मार्केट उपलब्ध कराने की पहल उदयपुर की महिला उपासना श्रीमाली ने की है, जो करीब एक हजार से ज्यादा महिलाओं को प्रशिक्षित कर चुकी हैं। उदयपुर में खेरवाडा, ऋषभदेव सहित शहर के आसपास भुवाणा, थूर, मदार, बडी आदि गांवों की महिलाएं यहां ट्रेनिंग लेकर काम कर रही हैं।

खेरवाडा निवासी सूरज कुंवर 8वीं तक पढी है। साल 2016 में किसी केस में उन्हें बालिका सुधार गृह भेजा गया था। यहां रहते हुए उन्होंने उपासना श्रीमाली की मदद से साल 2019 में क्रोशिया आर्ट सीखना शुरू किया था। आज वे मास्टर ट्रेनर के रूप में काम कर रही हैं।सैकडों महिलाओं को इसकी ट्रेनिंग दे चुकी हैं। उत्तराखंड के रुद्रपुर में भी ट्रेनिंग देकर आ चुकी हैं। इन्होंने अपने पति को क्रोशिया आर्ट सिखा दिया। अब दोनों साथ में ये काम करते हैं। इससे पहले पति कारीगरी का काम करते थे।

उपासना श्रीमाली ने बताया कि आदिवासी महिलाओं को क्रोशिया का हुनर सिखाकर आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास में जुटे हैं बल्कि शिक्षा के प्रति भी जागरूक कर रहे हैं। महिलाओं को घर के सजावटी सामान कई तरह की ज्वैलरी खिलौने और बच्चों से लेकर बडों की तक ड्रेसेज बनाना सिखाया जाता है। हमने सैकडों मास्टर ट्रेनर तैयार की हैं जो नई महिलाओं को गांव.गांव जाकर ट्रेनिंग देती है। इनके प्रोडक्ट को ऑनलाइन सेल करने में मदद कर रहे हैं।ये हुनर सीखने के बाद आज ये महिलाएं महीने के करीब 8 से 10 हजार रुपए तक कमा रही हैं। ज्यादातर महिलाएं बेहद पिछडे इलाके से और आर्थिक रूप से कमजोर हैं जिनकी स्थिति में अब धीरे-धीरे परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

जागरूकता अभियान जारी

बूंदी, सडक सुरक्षा समिति एवं जिला परिवहन कार्यालय द्वारा दुर्घटना संभावित क्षेत्र रामगंज बालाजी नेशन हाइवे 52 पर होटल संचालकों एवं पेट्रोल पंप संचालक और उनके कर्मचारियों को सडक दुर्घटना में पीडित एवं गंभीर घायल व्यक्तियों की मदद करना और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराने की लिए प्रेरित किया। इस दौरान सडक सुरक्षा समिति के अध्यक्ष नितेश शर्मा नीटू कमल सैनी जय मेहरा, दीपक नामा राजकुमार, अनिल महावार दिनेश प्रजापत ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि राह वीर योजना के साथ- साथ कानून, उद्देश्य, पात्रता एवं चयन प्रक्रिया के बारे में समझाया। साथ ही मदद करने वाले व्यक्तियों को पुलिस प्रशासन एवं अस्पताल में डराने धमकाने या जबरन नाम लिखवाने, गवाह के रूम में पीडित करने जैसी समस्याओं के लिए सडक सुरक्षा समिति मदद करेगी एवं राह वीर को सरकार से प्रोत्साहन राशि एवं सराहना प्रमाण-पत्र दिलाने में भी मदद करेगी।

कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.)

Email: np_ntd@yahoo.in Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./नामा./2025/14381 दिनांक : 13.11.2025

- : आपत्ती सूचना :-

एतर्थ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर भूखण्डों का नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर नामान्तरण/नाम हस्तान्तरण कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो 7 दिवस (कार्य दिवस) में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	आवेदित सम्पत्ति कापता	पड़ौस का विवरण			
			पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
1.	श्री आलोक सनाढ्य पिता श्री मुरलीधर सनाढ्य निवासी- नाथद्वारा	बंगला संख्या-11 क्षैत्रफल- 713 वर्गफिट, रिद्धि सिद्धी विलाज महावीर कॉलोनी, नाथद्वारा	बंगला संख्या-12	बंगला संख्या-10	अन्य भूमि	कॉलोनी का का आम रास्ता

आयुक्त, नगरपालिका नाथद्वारा

के.के. गुप्ता ने तालाब पुनर्जीवन मिशन चलाए जाने का दिया सुझाव

■ प्रत्येक नगर में 'तालाब पुनर्जीवन मिशन' भी चलाए। साथ ही अनिवार्य रूप से हर तालाब की वार्षिक जल गुणवत्ता जांच भी की जाए। स्थानीय युवाओं, विद्यालयों और पर्यावरण संगठनों को इससे जोडा जाए तथा तालाबों में सीवरेज और नालों का पानी गिरने पर पूर्ण रोक लगे

उदयपुर,। भाजपा के वरिष्ठ नेता और डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष के.के. गुप्ता ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में 17 नवम्बर सोमवार को नई दिल्ली से सटे फरीदाबाद (हरियाणा) में होने वाली उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राजस्थान द्वारा पानी,अपराध और प्रदूषण को सबसे बडा मुद्दा बनाने की प्रशंसा करते हुए तालाब पुनर्जीवन मिशन चलाए जाने का सुझाव दिया है। इस बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमण्डल शामिल होगा।

गुप्ता ने सुझाव दिया कि देश में हर जलि के प्रशासन को चाहिए कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भावना के अनुरूप स्वच्छ भारत अभियान के साथ प्रत्येक नगर में 'तालाब पुनर्जीवन मिशन' भी चलाए। साथ ही अनिवार्य रूप से हर तालाब की वार्षिक जल गुणवत्ता जांच भी की जाए। स्थानीय युवाओं, विद्यालयों और पर्यावरण संगठनों को इससे जोडा जाए तथा तालाबों में सीवरेज और नालों का पानी गिरने पर पूर्ण रोक लगे। गुप्ता ने सुझाव दिया कि शहरो में घटते जल स्तर के लिए दक्षिणी राजस्थान के डूंगरपुर की तर्ज पर अगर वर्षा का पानी छतो से वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से बोरिंग में डाल दिया जाए तो आने वाले समय में धरती का जल स्तर बढ़ने के साथ-साथ बोरिंग का पानी कभी समाप्त नहीं होगा। उन्होंने बताया कि डूंगरपुर के इस मॉडल को दिल्ली सहित कुछ प्रदेशों में भी अपनाया जा चुका है जिसके चर्चे आज भी लोकसभा में गूंज रहे है।

गुप्ता ने कहा कि अब वक्त है कि हर जिले में करीब 200 तालाबो को सुदृढ बनाने की योजना बनाई जाए अन्यथा पानी की कमी गाँवो एवं शहरो में रहने वाले आमजन के लिए बहुत बडा संकट खड़ा कर देगी। धरती को सींचने के लिए सिर्फ जलाशयों को हर हाल में भरना पड़ेगा तथा विकास के कार्यो के साथ जलाशयों को सौंदर्यकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य भी करना पडेगा जोकि देश को प्रगतिशील एवं विकसित भारत बनाने में बहुत बड़ा योगदान साबित होगा, अन्यथा जलाशय समाप्त हों जायेगे तथा इसके साथ ही हमारी सभ्यता और संस्कृति भी खत्म हो जाएगी।

गुप्ता ने कहा कि तालाब कभी हमारी संस्कृति, सौंदर्य और जल-संरक्षण की पहचान माने जाते थे मगर अब यही तालाब जलकुंभी के हरे गलीचमें दबे कराह रहे हैं। पानी आवक के रास्तो पर अतिक्रमण हो रहा है जिससे तालाब गन्दगी के अड्डे बन चुके ह। जलकुम्भी हरियाली नहीं, दरअसल मौत का हरा आवरण है जो धीरे-धीरे हमारे जलाशयों की सांसें रोक रहा है। अगर हम तालाबो को शुद्ध पानी से भर देते है तो गाँवो में पानी की कमी जड़ से समाप्त हो जाएगी किसान तालाबो के पानी से खेती सींच पाएंगे, गाँवो के जानवरों को पीने का पानी आसानी से उपलब्ध हो जायेगा तथा धरती का जल स्तर भी बढ़ जायेगा।

यह केवल एक तालाब की नहीं, बल्कि पूरे देश की चेतावनी है। अगर अब भी सरकारें नहीं जागीं, तो आने वाली पीढियों को हम तालाब नहीं, दलदल विरासत में देंगे।

उन्होंने कहा कि तालाब नगर की हरियाली का प्रतीक होता है, जहां सर्दियों में विदेशी पक्षी उतरते है, बच्चे किनारों पर खेलते थे और जल की लहरें जीवन की लय सुनाती है मगर आज वही तालाब गंदगी, अतिक्रमण, दल दल तथा जलकुंभी के शिकार हो गए है। राजस्थान ही नहीं देश के हजारो तालाब इसी खतरे से जूझ रहे हैं। जलकुंभी की बेलें हर तरफ फैलकर जल की सतह को ढक रही हैं। परिणाम ऑक्सीजन की कमी, मछलियों की मौत, जलीय पौधों का दम घुटना और जलाशयों की गुणवत्ता का विनाश कर रही है।

यह एक पर्यावरणीय आपातकाल है, जिसे हम अब भी प्राकृतिक समस्य समझकर टाल रहे हैं। सच्चाई यह है कि अतिक्रमण, गंदगी, दलदल तथा जलकुंभी का बढना लापरवाही का परिणाम है। नगर निकाये एवं पंचायते केवल सफाई के कागजी अभियान चलाती हैं, मगर स्थायी समाधान पर कोई योजना नहीं बनती। सीवरेज और गंदे नालों का पानी तालाबों में गिरता रहता है, जिससे जलकुंभी को खाद मिलती रहती है और वह बेल एक बेलगाम राक्षस बन जाती है।

गुप्ता ने कहा कि अमित शाह की अध्यक्षता में फरीदाबाद में होने वाली उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में पंजाब सहित अन्य प्रदेशों के साथ राजस्थान के जल एवं विद्युत सम्बन्धी वर्षो से लम्बित मुद्दों का निपटारा किया जाना चाहिए। साथ ही पंजाब से इन्दिरा गांधी नहर की नहरों में आने वाले प्रदूषित पानी की समस्या के साथ ही दिल्ली एन सी आर में प्रदूषण को लेकर होने वाली सख्ती से राजस्थान में पडने वाले असर पर भी प्रभावी चर्चा और निर्णय किए जाने चाहिए।

मेड़तवाल वैश्य समाज के चुनाव सम्पन्न

रामगंजमंडी,(निसं)। मेड़तवाल वैश्य समाज रामगंजमंडी के अध्यक्ष पद पर रविवार को सम्पन्न हुए चुनाव में राजेन्द्र कुमार बोबस अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किये गये। चुनाव अधिकारी चन्दन गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि कुल 207 में से 206 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें से राजेन्द्र कुमार बोबस को 118 मत व उनके प्रतिद्वंद्वी मुकेश कुमार गांधी को 81 मत प्राप्त हुऐं, जबकि 7 मत निरस्त किए गए। इस प्रकार राजेन्द्र कुमार बोबस को 37 मतों से निर्वाचित घोषित किया गया। मतदान को लेकर समाजबंधुओं में काफी उत्साह देखा गया। मतदान प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हुआ। मतदान के तुरंत बाद मतगणना की गई। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर रामेश्वर गुप्ता रटलाई वाले, सचिव पद पर गोकुल प्रसाद गुप्ता (रामसुख रामकरण), उपाध्यक्ष के पांच पदों के लिए मनोज मोड़ीवाल, जितेन्द्र गुप्ता (जे.पी.प्रिंटर्स), बृजमोहन टांक (चेचट वाले), राधेश्याम गुप्ता (नेताजी), बंशीलाल गुप्ता (सोहनखेड़ा वाले), सहसचिव के पांच पदों के लिए योगेश दलाल, दिनेश गुप्ता घाटिया (सोहनखेड़ा वाले), जगदीश प्रसाद गुप्ता चौधरी, विष्णु प्रसाद गुप्ता (बड़य वाले) व रामबाबू गुप्ता (ट्रांसपोर्ट) निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुके हैं। इसी प्रकार अंकित बोबस, अभिनव गुप्ता, अभिषेक गुप्ता (आर.बी.), बृजेश कुमार आचोलिया, भगवती प्रसाद गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता (धुंआखेड़ी वाले), दिनेश कुमार गुप्ता बोकड़ा, दिलीप कुमार गुप्ता (खाद वाले), लालचन्द गुप्ता गांधी (हिरियाखेड़ी वाले), मनोज गुप्ता शुक्रवारिया, मन